विश्व मात्स्यिकी दिवस पर ICAR-NBFGR में सामुदायिक सशक्तीकरण एवं सतत मात्स्यिकी विकास पर कार्यक्रम

लखनऊ, 21 नवम्बर 2026

भाकृअनुप–राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (ICAR-NBFGR), लखनऊ में विश्व मात्स्यिकी दिवस 2026 के अवसर पर हितधारक बैठक-सह-जागरूकता कार्यक्रम तथा क्षमता विकास और मत्स्य-आदान वितरण के माध्यम से सामुदायिक सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन "बदलाव के लिए लोगों को सशक्त बनाना: मात्स्यिकी एवं जलकृषि में सम्मानजनक काम को बढ़ावा देना, विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं के लिए" विषय के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री ज्ञानेंद्र डी. त्रिपाठी, माननीय अपर सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (DARE) तथा सचिव, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने मात्स्यिकी एवं जलकृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान, सामुदायिक सहभागिता तथा आजीविका संवर्धन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने मात्स्यिकी हितधारकों के साथ संवाद किया तथा उनके अनुभवों, आवश्यकताओं एवं चुनौतियों को समझने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने संस्थान की प्रयोगशालाओं, लाइव फिश जर्मप्लाज्म रिसोर्स सेंटर तथा राष्ट्रीय मत्स्य संग्रहालय-सह-रिपॉजिटरी का भ्रमण किया। इस दौरान संस्थान की अनुसंधान सुविधाओं, मत्स्य आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण तथा जलीय जैव विविधता के दस्तावेजीकरण से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी गई। निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती ने जलीय आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण, विकास एवं प्रबंधन में ICAR-NBFGR की भूमिका तथा भविष्य की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सतत मात्स्यिकी विकास के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान, जैव विविधता संरक्षण तथा हितधारकों के साथ प्रभावी सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। विश्व मात्स्यिकी दिवस की थीम के अनुरूप कार्यक्रम में मछुआरों एवं मत्स्य किसानों के सशक्तीकरण, महिलाओं की भागीदारी, युवाओं के लिए रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर तथा मात्स्यिकी क्षेत्र में सम्मानजनक आजीविका को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा की गई। अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत आयोजित क्षमता विकास एवं मत्स्य-आदान वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य समुदायों की क्षमता बढ़ाना तथा मत्स्य आधारित आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों सहित 36 मत्स्य किसानों ने सहभागिता की।






UNDER SCSP PROJECT, ICAR NBFGR,LUCKNOW


विश्व मात्स्यिकी दिवस
2026
World Fisheries Day


विश्व मात्स्यिकी
2026